
epaper
हिन्दुस्तान

# पीपीपी मॉडल पर विकसित होंगे 23 बस अड्डे

13/03/2022

**लखनऊ।** नई सरकार आने के बाद परिवहन क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए अधिकारी माथापच्ची करने में जुट गए हैं। चाहे यूपी के 23 बस अड्डे पीपीपी मॉडल पर विकसित करना हो या फिर आरटीओ कार्यालय में आवेदकों के लिए बेहतर ऑनलाइन सेवा की व्यवस्था करना हो। यहीं नहीं रेलवे प्रशासन भी केंद्र सरकार की योजनाओं को मिशन रफ्तार हो या रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में तेजी से काम को पूरा करने में जुटे हैं।



## परिवहन विभाग

- सेफ्टी सेल को भारत सरकार की अधिसूचना के मुताबिक बनाना
- वाहनों के फिटनेस के लिए फिटनेस पिट की स्थापना करना
- डाइविंग लाइसेंस संबंधित 25 कामों को आनलाइन करना

## परिवहन निगम

यूपीएसआरटीसी के एमडी आरपी सिंह ने बताया कि आधुनिक बस स्टेशन निर्माण की कार्रवाई पूरी हो गई है। जल्द ही निजी निवेशक को आमंत्रित कर थ्रीपी मॉडल को बढ़ाने और गांवों तक बस सेवाएं पहुंचाने का काम होगा।

## स्टेशन वर्ल्ड क्लास बनेंगे

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एसके सपरा ने बताया कि लखनऊ के दो रेलवे स्टेशनों में चारबाग और गोमतीनगर को वर्ड क्लास बनाने की दिशा में कार्य तेजी से पूरा कराया जा रहा है। साथ ही मिशन रफ्तार तक तहत रेल लाइनों को बेहतर करते हुए ट्रेनों की रफ्तार 160 किलोमीटर प्रति घंटे करने का लक्ष्य है।